<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने जारी की जनगणना की अधिसूचना। एक अक्टूबर दो हजार छब्बीस से शुरू होकर दो चरणों में सम्पन्न होगी प्रक्रिया।
- अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति ने की बैठक। तीन महीने में प्रस्तुत होगी समिति की रिपोर्ट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर जिले में एक हजार एक सौ चौरासी करोड़ रुपये की एक सौ चौरानबे विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। जारी की कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच सौ इकसठ करोड़ से अधिक की धनराशि।
- रुक रुक कर हो रही वर्षा से तापमान में आई गिरावट। आकाशीय बिजली गिरने और बारिश से जुड़े हादसों में बहत्तर घंटों के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत।

**********

केन्द्र सरकार ने जनगणना कराने की अधिसूचना कल जारी कर दी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च दो हजार सत्ताईस होगी। लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्टूबर दो हजार छब्बीस से कराई जाएगी। पहली बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्रकी जाएगी। इसके अलावा इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों कोस्व–गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटासुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है।अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

केंद्र की ओर से जनगणना की अधिसूचना जारी होने का प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी स्वागत किया है। श्री राजभर ने कहा कि जाति जनगणना कराने का केंद्र सरकार का फैसला ऐतिहासिक है और इससे सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा।

***ऐतिहासिक फैसला माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार का है जो सामाजिक न्याय के रास्ते को प्रशस्त करेगा। सामाजिक न्याय की परिकल्पना देश के अंदर चरितार्थ होगी। प्रतिपक्ष बहुत अच्छी तरीके से जानता है और जनता भी जानती है। ये मोदी जी की सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विकास का जो है। हम समझते हैं कि उसी क्रम में लिया गया यह सबसे बड़ा फैसला है।***

**********

अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक कल नई दिल्ली में हुई। गृह सचिव गोविंद मोहन ने बैठक की अध्यक्षता की। समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो अलग से इस मामले की जांच कर रहा है।

इस बीच, विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार कल राजकोट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिवंगत नेता को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये स्वर्गीय विजय रुपाणी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सहजता–सरलता–संवेदनशीलता, संगठन निष्ठा एवं जनसेवा के लिए सदैव उनका विराट व्यक्तित्व स्मरणीय रहेगा।

बीते बारह जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे फ्लाइट में सवार गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश के आगरा जिले के एक दंपति सहित दो सो इकतालिस लोगों की मौत हो गई थी।

**********

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। कल नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिलास्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है।

***पर्यावरण के संरक्षण के बगैर शत–प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। हम आपदा से बचाव की योजना बना रहे हैं साथ में आपदा ही ना आए ऐसी योजना भी बनाने के लिए आगे बढ़ना पडेगा***

***और मैं मानता हूं कि हर राज्य के राहत कमिश्नर ने इसके लिए भी अपने राज्य का एक कार्यक्रम कम से कम तैयार करवाना चाहिए जिससे आपदा आए ही नहीं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अम्बेडकरनगर में एक हजार एक सौ चौरासी करोड़ रुपये की एक सौ चौरानबे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के ग्यारह हजार छह सौ नब्बे आश्रित परिवारों के लिए पांच सौ इकसठ करोड़ छियासी लाख रुपये जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस वर्ष में अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

***मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत केवल किसान आता था, बंटाईदार नहीं आता था। किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा नहीं हम किसान को भी देंगे, बंटाईदार को भी देंगे, कृषि श्रमिक को भी देंगे और अन्नदाता किसान का परिवार का कोई व्यक्ति किसी अग्निकांड का किसी आंधी तूफान का या किसी भी आपदा का शिकार हो जाता है तो सरकार पांच लाख रुपये के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा में उसे उस परिवार को आच्छादित करेगी।***

प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी समारोह के आयोजन कर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पात्र लोगों के बीच सहायता राशि का वितरण किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर कल वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद मोहनसराय–कैंट के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य तथा वाराणसी–प्रयागराज रेलखण्ड पर निर्माणाधीन ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज के शेष कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक और स्थलीय निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर गये और वहां बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया।

**********

केंद्र सरकार ने देश में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि देश में करीब 22 लाख चालकों की कमी है।

**********

प्रदेश के अधिकांश पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाये रहने और रूक–रूक कर वर्षा होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान के गिरावट से लोगों को बीते एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। इन जिलों में आज सुबह से ही छिटपुट वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आगामी अड़तालीस घंटे में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का यलो और पूर्वी इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

उधर, प्रदेश में आकाशीय बिजली की चपेट में आने और बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में बीते बहत्तर घंटे में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाने की खबर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

**********

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल पीलीभीत में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने योग सप्ताह का शुभारंभ किया। वहीं वाराणसी जिले के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार–उर्जा एवं एकाग्रता का अनुभव विषय पर सात दिवसीय योग कार्यशाला के तीसरे दिन शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी कल योगाभ्यास किया।

**********